**D**

**CCE PR**
**UN-REVISED**

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003
**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಜೂನ್, 2018

**S. S. L. C. EXAMINATION, JUNE, 2018**

# ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

# MODEL ANSWERS

ದಿನಾಂಕ : 22. 06. 2018 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **06-H**

Date : 22. 06. 2018 ] CODE NO. : **06-H**

## ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : First Language — HINDI

( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / **New Syllabus** )

( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / **Private Repeater** )

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125

[ Max. Marks : 125

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **विभाग - "A"**<br>**गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन ( 92 अंक )** | |
| I. | **एक-एक** वाक्य में उत्तर : | 16 × 1 = 16 |
| 1. | दिलावर खाँ और रहमान बेग को पुरुषोत्तम कहाँ बिठाते हैं ? | |
| | **उत्तर :** दिलावर खाँ और रहमान बेग को पुरुषोत्तम बिछावन पर बिठाते हैं । | 1 |
| 2. | राज्य में क्या फैल गया था ? | |
| | **उत्तर :** राज्य में भ्रष्टाचार फैल गया था । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 3. | रुपये के अनुसार सबकी शरण छोड़कर किसकी शरण में जाना चाहिए ? | |
| | **उत्तर :** रुपये के अनुसार सबकी शरण छोड़कर रुपये के शरण में जाना चाहिए । | 1 |
| 4. | वेंकटराव की प्रिय पत्रिका कौन-सी है ? | |
| | **उत्तर :** वेंकटराव की प्रिय पत्रिका 'कन्नड केसरी' थी । | 1 |
| 5. | गाँधीजी ने अपनी माता से क्या प्रतिज्ञा की ? | |
| | **उत्तर :** गाँधीजी ने अपनी माता से प्रतिज्ञा की कि मांस-मदिरा आदि व्यसनों से दूर रहूँगा । | 1 |
| 6. | केवट के अनुसार श्रीराम के पैर की धूल में कौन-सी शक्ति है ? | |
| | **उत्तर :** केवट के अनुसार श्रीराम के पैर की धूल में किसी भी चीज़ को मानव के रूप में बदलने की शक्ति है । | 1 |
| 7. | मीरा का वैद्य कौन है ? | |
| | **उत्तर :** मीरा का वैद्य भगवान कृष्ण ही हैं । | 1 |
| 8. | अज्ञेयजी ने किससे हरियाली माँगी ? | |
| | **उत्तर :** अज्ञेयजी ने घास से हरियाली माँगी । | 1 |
| 9. | बड़े भाई साहब प्रेमचन्दजी से कितने साल बड़े थे ? | |
| | **उत्तर :** बड़े भाई साहब प्रेमचन्दजी से पाँच साल बड़े थे । | 1 |
| 10. | प्रभाकरजी के अनुसार हमारे राष्ट्रीय चरित्र की सबसे बड़ी कमज़ोरी क्या है ? | |
| | **उत्तर :** प्रभाकरजी के अनुसार हमारे राष्ट्रीय चरित्र की सबसे बड़ी कमज़ोरी फालतू बातें हैं । | 1 |
| 11. | आज के युग को किस नाम से संबोधित किया जाता है ? | |
| | **उत्तर :** आज के युग को विज्ञान का युग (वैज्ञानिक युग) नाम से संबोधित किया जाता है । | 1 |
| 12. | अहिल्या के अनुसार किसके साथ भोजन करने से धर्मभ्रष्ट हो जायेगा ? | |
| | **उत्तर :** अहिल्या के अनुसार अब्राह्मण के साथ भोजन करने से धर्मभ्रष्ट हो जायेगा । | 1 |
| 13. | वेंकटरावजी के अनुसार सबसे बड़ी आज़ादी कौन-सी है ? | |
| | **उत्तर :** वेंकटरावजी के अनुसार मानसिक आजादी सबसे बड़ी आजादी है । | 1 |
| 14. | शरीर पर नियंत्रण रखना हो, तो हमें क्या करना चाहिए ? | |
| | **उत्तर :** शरीर पर नियंत्रण रखना हो, तो हमें मन पर नियंत्रण रखना चाहिए । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 15. | सूरदासजी के प्रसिद्ध ग्रंथ का नाम लिखिए । | |
| | **उत्तर :** सूरदासजी के प्रसिद्ध ग्रंथ सुरसागर है । | 1 |
| 16. | किसने जगत् को तीन पग से छोटा किया था ? | |
| | **उत्तर :** महाविष्णु ने (वामन के रूप में) जगत को तीन पग से छोटा किया था । | 1 |
| II. | **दो-तीन** वाक्यों में उत्तर : | 16 × 2 = 32 |
| 17. | पानी पीने के संबंध में कौन-कौन से नियम बनाये हैं ? | |
| | **उत्तर :** पानी पीने के संबंध में यह नियम बनाये गये हैं कि खड़े-खड़े पानी न पीना चाहिए । सोते समय पानी न पीना चाहिए । दौड़ने के बाद पानी नहीं पीना चाहिए । | 2 |
| 18. | गाँधीजी के परिवार का परिचय दीजिए । | |
| | **उत्तर :** गाँधीजी का असली नाम मोहनदास करमचंद गाँधी था । उनके पिताजी का नाम करमचंद गाँधी था और माता पुतली बाई धर्म-भीरु महिला थी । | 2 |
| 19. | राष्ट्रीय बालाश्रम नीति कब बनी और उसके अनुसार बालक की परिभाषा क्या है ? | |
| | **उत्तर :** राष्ट्रीय बालाश्रम नीति 1987 में बनी और उसके अनुसार बालक की परिभाषा अठारह वर्ष से कम उम्र का मानव है । | 2 |
| 20. | आजकल नारी किन-किन क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रही है ? | |
| | **उत्तर :** आजकल नारी अध्यापन, व्यवसाय, कारखाने, पुलिस, सेना, डॉक्टरी, राजपत्रित सेवा तथा न्याय आदि सभी क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रही है । | 2 |
| 21. | कुटिया कहाँ बनी हुई है और उसकी रखवाली कौन कर रहा है ? | |
| | **उत्तर :** कुटिया पंचवटी में बनी है । उसकी रखवाली लक्ष्मण कर रहा है । | 2 |
| 22. | किन-किन की शोभा देखनी चाहिए ? | |
| | **उत्तर :** प्यासे, धुँधले, मटमैले लोगों के आँखों में विजय की शोभा, अछूतों के शरीर में विद्युत शक्ति का संचार की शोभा देखनी है । | 2 |
| 23. | पिछड़ा आदमी सचमुच में पिछड़ा था । क्यों ? | |
| | **उत्तर :** पिछड़ा आदमी सचमुच में पिछड़ा था क्योंकि सब बोलते तो वह चुप रहता था, सब चलते तो वह पीछे रहता था और सब पेटुओं की तरह खाते तब वह अलग सबसे दूर बैठा, धीरे-धीरे थोड़ा सा खाता था । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 24. | टाइम टेबल बनाने से प्रेमचन्दजी को क्या समस्या हुई थी ?<br>**उत्तर :** टाइम टेबल बनाने से प्रेमचन्दजी मैदान की सुखद हरियाली में खेल नहीं सकते थे । हवा के हल्के झोंकों का मजा लूट नहीं पाते थे । मैदानी खेलों से जो आनंद मिलता उससे वंचित थे । | 2 |
| 25. | विज्ञान मानव के लिए वरदान है — समर्थन कीजिए ।<br>**उत्तर :** मनोरंजन, शिक्षा, कृषि, यातायात, उद्योग-धंधे, दूरसंचार आदि सभी क्षेत्रों में वैज्ञानिक उपलब्धियाँ आश्चर्य में डाल देनेवाली हैं । पहाड़ों को काटकर सड़कें बनाकर, नदियों के प्रवाह को मोड़कर, नहरें निकालकर स्थान व समय की दूरी को कम करके आज के मानव ने प्रकृति पर विजय पा ली है । इसलिए विज्ञान मानव के लिए वरदान है । | 2 |
| 26. | व्यवस्था में परिवर्तन कैसे किया जा सकता है ?<br>**उत्तर :** भ्रष्टाचार मिटाने के लिए व्यवस्था में अनेक परिवर्तन करने पड़ते हैं । प्रमुख रूप से भ्रष्टाचार के मौके को मिटाना है । घूस लेने के कारणों को नाश करना है । | 2 |
| 27. | चम्पारन की समस्या क्या थी और गाँधीजी ने उसका निवारण किस प्रकार किया ?<br>**उत्तर :** अंग्रेज जमींदार किसानों पर अत्याचार करते थे । स्वयं गाँधीजी चम्पारन जाकर जाँच करते हैं । सरकार ने न माना तो सत्याग्रह के जरिए समस्या का निवारण किया गया । | 2 |
| 28. | माँ-बाप विकलांग बच्चों को क्यों त्याग देते हैं ?<br>**उत्तर :** विकलांग बच्चों के पालन-पोषण की परेशानी से बचने तथा लड़कियों को रूढ़िवादी मान्यताओं के कारण भार स्वरूप मानकर त्याग देते हैं । | 2 |
| 29. | चन्द्रमा की किरणें कहाँ-कहाँ पर बिछी हैं ?<br>**उत्तर :** चन्द्रमा की किरणें सूखी धरती पर, जलाशयों पर, आसमान के नीच, सभी जगह बिछी हुई हैं । | 2 |
| 30. | बालकृष्ण शर्माजी किस बात का वर्णन नहीं करना चाहते हैं ?<br>**उत्तर :** समाज में फैली कुरीतियाँ, अंध विश्वास और कलुषित वातावरण के कारण, किससे हुआ, क्यों हुआ ? इन सबका वर्णन नहीं करना चाहते हैं । | 2 |
| 31. | सब कैसे सोते थे और उस समय पिछड़ा आदमी क्या करता था ?<br>**उत्तर :** सब निडाल होकर सोते थे । उस समय पिछड़ा आदमी अकेले आकाश की तरफ चिन्तामग्न दृष्टि से देखता रहता था । | 2 |
| 32. | लाहौर से सहारनपुर वाली यात्रा में यात्रियों में किस बात की बहस छिड़ी थी ?<br>**उत्तर :** सहारनपुर से देहली की यात्रा में यात्रियों में बहस हो रही थी कि वह नौजवान इस औरत का क्या लगता है ? इस पहेली को सुलझाने की चेष्टा कर रहे थे । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| III. | संदर्भ सहित व्याख्या : | 6 × 3 = 18 |
| 33. | ''तुम्हारी सत्यप्रियता अधिकांश दिल्ली में प्रसिद्ध है ।'' | |
| | i) पाठ का नाम : | |
| | ii) लेखक का नाम : | |
| | iii) किसने, किससे कहा : | |
| | iv) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) सच्चा धर्म | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) सेठ गोविन्द दास | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) अहिल्या ने पुरुषोत्तम से कहा | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) पुरुषोत्तम संभाजी को शिवाजी के पुत्र न कहकर अपना भाजा कहकर झूठ बोलने की परिस्थिति में पति-पत्नी के बीच बात-चीत होता है तो अहिल्या अपने पति के बारे में उपरोक्त वाक्य कहती है । हम सीख सकते हैं कि मनुष्य सत्य की मार्ग पर चलता है तो बिना किसी प्रयास के प्रसिद्धि, सफलता आदि पा लेते हैं । | $1\frac{1}{2}$ |
| 34. | ''पर जहागीरी अण्डा है क्या ?'' | |
| | i) पाठ का नाम : | |
| | ii) लेखक का नाम : | |
| | iii) किसने, किससे कहा : | |
| | iv) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) अकबरी लोटा | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) अन्नपूर्णानंद वर्मा | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) बिलवासी मिश्र जी ने अंग्रेज से पूछा | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) अंग्रेज के मन में ऐतिहासिक चीजों को संग्रह करने का चाव था । ऊपर से झाऊलाल के हाथ से लोटा छूटकर रास्ते में आते अंग्रेज पर गिर पड़ा । दोनों के झगड़े के बीच बिलवासी मिश्र अंग्रेज को लोटा खरीदने की प्ररणा देते हैं । अंग्रेज पाँच सौ रुपये देकर लोटा खरीदता है । बाद में उसी खुशी में अपने पड़ोसी मेज़र डगलस का जिक्र करते जहाँगीरी अण्डे के बारे में कहता है तो तब पंडितजी उत्सुक होकर उपरोक्त प्रश्न पूछते है । | $1\frac{1}{2}$ |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 35. | ''मैं तो मेरे नारायण की ................................. कहैं कुलनासी रे ।'' | |
| | i) पद्य का नाम : | |
| | ii) कवि का नाम : | |
| | iii) किसने, किससे कहा : | |
| | iv) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) मीरा के पद | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) मीराबाई | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) मीराबाई कृष्ण से कहती है । | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) मोराबाई श्रीकृष्ण के सामने घूँघरू बाँधकर नाचती हुई कह रही है कि तेरे दासी बनकर नाचते देखकर लोग मुझे बावरी (पागल) कह रहे हैं । इतना ही नहीं, सग-संबंधी मुझे कुलनाशी भी कह रहे हैं । | $1\frac{1}{2}$ |
| 36. | ''मजहब नहीं सिखाता ......................................... बैर रखना ।'' | |
| | i) पद्य का नाम : | |
| | ii) कवि का नाम : | |
| | iii) किसने, किससे कहा : | |
| | iv) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) सारे जहाँ से अच्छा | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) डॉ० इकबाल | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) डॉ० इकबाल ने वाचकों से कहा । | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) कवि भारत की महानता का वर्णन करत हुए कह रहे हैं कि हमारा भारत धर्म का आचरण करना नहीं सिखाता है । भारत का धर्म भारतीयता ही है । आपस में किसी तरह की शत्रुता पैदा नहीं करती है । हम सब भारत में रहनेवाले एक ही धर्म के हैं । हम भारतीय हैं । | $1\frac{1}{2}$ |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 37. | ''परिवार की रीढ़ की हड्डी नारी ही है ।'' | |
| | i) पाठ का नाम : | |
| | ii) लेखक का नाम : | |
| | iii) किसने, किससे कहा : | |
| | iv) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) नारी | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) संकलित | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) लेखक ने वाचकों से कहा | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) समाज में नारो का महत्वपूर्ण स्थान है । मनुष्य को जीने के लिए रीढ़ की हड्डी जितना आवश्यक है, उतना ही नारी का महत्व परिवार, समाज, देश आदि हर स्थान में है । नारी ही माँ, बहन, पत्नी, पुत्री आदि भूमिका निभाती है । मनुष्य के जीवन का निर्माण नारी के द्वारा ही होता है । इसलिए नारी परिवार की रीढ़ की हड्डी है । | $1\frac{1}{2}$ |
| 38. | सबसे उधार माँगा सबने दिया .............................. सब तो है जीवन । | |
| | i) पद्य का नाम : | |
| | ii) कवि का नाम : | |
| | iii) किसने, किससे कहा : | |
| | iv) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) सवेरे उठा तो धूप खिली थी । | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) सच्चिदानन्द होरानन्द वात्स्यायन ''अज्ञेय'' | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) अज्ञेय जी (कवि) वाचकों से कह रहे हैं । | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) अज्ञेयजी कह रहे हैं कि प्रकृति के हर अंश से मानव उधार के रूप में कुछ न कुछ लेता है । उसके बिना मनुष्य जीवन बिता नहीं सकता है । क्योंकि जीवन आपस के लेन-देन की प्रेमपूर्ण व्यवहार है । | $1\frac{1}{2}$ |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IV. | लेखक / कवि परिचय : | 2 × 3 = 6 |
| 39. | हरिशंकर परसाई जी | |
| | i) जन्म काल : | |
| | ii) कृतियाँ : | |
| | iii) विशेष जानकारियाँ : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) जन्म काल : 1924 | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) व्यंग्य कहानियाँ : भोलाराम का जीव, चावल से हीरो तक, कचरे में, एक बेकार घाव, सड़क बन रहो है, पोस्टरी एकता, भाइयों और बहिनों, निठल्ले की डायरी, एक फरिश्त की कथा आदि । | $1\frac{1}{2}$ |
| | iii) श्रेष्ठ व्यंग्य कहानीकार, व्यंग्य लेखन कला का प्राण, जीवन का कोई भी आयाम परिहास से बच नहीं सका है । व्यंग्य साहित्य के शिखर पुरुष । | 1 |
| 40. | तुलसीदास जी : | |
| | i) जन्म काल : | |
| | ii) कृतियाँ : | |
| | iii) विशेष जानकारियाँ : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) 1580 सोरो अथवा राजापुर<br>1680 काशी के अस्सीघाट | 1 |
| | ii) रामचरित मानस, विनय पत्रिका, गीतावली, कवितावली, दोहावलो, कृष्ण-गीतावली, जानकी मंगल, पार्वती मंगल, बरवै रामायण आदि । | 1 |
| | iii) सगुण भक्ति धारा के रामभक्ति शाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं । आराध्य राम, लोक मंगल इनका जीवन सिद्धान्त । संस्कृत के प्रकांड पंडित, ब्रज और अवधी दोनों पर समान अधिकार । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| V. | पद्य भाग की पूर्ति : | 1 × 4 = 4 |
| 41. | राग से ……………………………………………………………………… | |
| | ……………………………………………………………………… | |
| | ……………………………………………………………………… | |
| | ……………………………………………………………… अपनी चाल । | |
| | **अथवा** | |
| | आसरा मत ……………………………………………………………… | |
| | ……………………………………………………………………… | |
| | ……………………………………………………………………… | |
| | ………………………………………………………………… में राग । | |
| | **उत्तर :** i) हरिवंशराय बच्चन | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) चार विचार | $\frac{1}{2}$ |
| | राग से बाँधे चल आकाश, | $\frac{3}{4}$ |
| | राग से बाँधे चल पाताल | $\frac{3}{4}$ |
| | धंसा चल अंधकार को भेद | $\frac{3}{4}$ |
| | राग से साधे अपनी चाल ! | $\frac{3}{4}$ |
| | **अथवा** | |
| | आसरा मत ऊपर का देख, | |
| | सहारा मत नीचे का माँग | |
| | यही क्या कम तुझको वरदान | |
| | कि तेरे अंतस्तल में राग । | 4 |
| VI. | पद्य भाग का सारांश : | 1 × 4 = 4 |
| 42. | ज्यों तिल माँही तेल है, ज्यों चकमक में आगि । | |
| | तेरा साई तुज्झ में, जागि सकें तो जागि ।। | |
| | जिनि ढूँढ़ा तिनि पाइयाँ, गहरे पानी पैठि । | |
| | हौ बौरी डूबन डरी, रही किनारे बैठि ।। | |
| | **अथवा** | |
| | इतने तुम धनी हो, | |
| | तो मुझे थोड़ा प्यार दोगे उधार, जिसे मैं | |
| | सौगुने सूद के साथ लौटाऊँगा । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** | |
| | i) कबीरदासजी | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) दोहे | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) कबीरदासजी कहते हैं कि जिस प्रकार तिल में तेल होता है, चकमक पत्थर में आग होती है, उसी प्रकार तुम्हारा भगवान तुममें ही है, उसे जगा सको तो जगा लो । जो गहरे पानी में गोता लगाकर मोती ढूँढ़ता है उसी को मोती मिलती है । | $1\frac{1}{2}$ |
| | उसी तरह परमात्मा रूपी मोती को पाने के लिए भगवद् प्रेम रूपी सागर में डूबकी लगानी चाहिए । डूबने के डर से किनारे बैठने से मोती नहीं मिलती है । | $1\frac{1}{2}$ |
| | **अथवा** | |
| | i) अज्ञेय (सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन) | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) सवेरे उठा तो धूप खिली थी । | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) कवि कह रहे हैं कि मनुष्य प्रकृति के प्रत्येक अंश जैसे हवा, पानी, गंध, हरियाली आदि का मुफ्त में उपयोग कर लेता है । लेकिन कोई अनदेखा अरूप सपने में आकर उससे प्यार मांगता है, उसके साथ-साथ सौगुने सूद के साथ वापस देने के लिए तैयार है तो भी मानता नहीं है । | $2\frac{1}{2}$ |
| | उपरोक्त पंक्तियों का अर्थ है कि मनुष्य लना जानता है, देना उसकी आदत नहीं है । | $\frac{1}{2}$ |
| VII. | **सात-आठ** वाक्यों में उत्तर : | 2 × 4 = 8 |
| 43. | अपने शब्दों में रुपये की महानता का वर्णन कीजिए । | |
| | **अथवा** | |
| | गाँधीजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए । | |
| | **उत्तर :** मनुष्य के जीवन में रुपये का स्थान महत्वपूर्ण है । रुपये के बिना किसी तरह का काम अपने जीवन में कर नहीं पायेंगे । आपको जीना हो तो पानी की आवश्यकता है । बिना पैसों के अपने घर के नल में या दुकान में पानी नहीं मिलता है । जीवन की दूसरी आवश्यकता खुराक (आहार) की होती है । आपके पास रुपये नहीं हैं तो दुकान या बाज़ार से कुछ खरीद नहीं पायेंगे तो रसोई क्या पका पायेंगे ? इतना ही नहीं, हमें अपने गौरव को बनाए रखना है और अपने स्वास्थ्य को बनाए रखना है तो ऋतुओं के अनुसार कपड़े पहनना होगा । कपड़े खरीदना है तो रुपयों की जरूरत होती है । इस तरह बुनियादी आवश्यकताओं से लेकर उच्च शिक्षा, आचार-विचार, संस्कृति आदि हरेक क्षेत्र में रुपये की सदुपयोगिता महत्वपूर्ण बन गयी है । राजा से लेकर रंक तक कोई भी आदमी किसी भी स्थान में रुपये के बिना जी नहीं सकता है । | 4 |
| | **अथवा** | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | गाँधीजी का व्यक्तित्व आदर्श और अनुकरणीय है । क्योंकि वे सत्य के पुजारी थे । इसी कारण जब वे 1888 में बैरिस्टरी की परीक्षा के लिए विलायत जाने को तैयार हुए तो अपनी माता स मांस-मदिरा आदि दुर्व्यसनों से दूर रहने की सौगंध खाते हैं तो उसे जीवन पयन्त निभाते हैं । उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य हरिजनों का उद्धार करना ही था । दरिद्र नारायण की पूजा करते थे । उनका व्यक्तित्व इतना प्रसिद्ध था कि विश्वविख्यात वैज्ञानिक आइन्स्टाइन गाँधीजी के बारे में कहते हैं कि उन्हें आश्चर्य होगा कि ऐसा विलक्षण व्यक्ति संदेह रूप में कभी पृथ्वी पर रहता था । | 4 |
| 44. | कर्नाटक एकोकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटरावजी ने क्या-क्या किया ? | |
| | **अथवा** | |
| | भारतीय नारी का आदर्श स्पष्ट कीजिए । | |
| | **उत्तर :** कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटरावजो ने लेखनी हाथ में ली । कर्नाटक पत्र, कर्नाटक वृत्त, कन्नड केसरी आदि पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित कराने लगे । कन्नड केसरी वेंकटरावजी की प्रिय पत्रिका रही । कर्नाटक के गत वैभव का शोध करते-करते कर्नाटक के कोने-कोने का भ्रमण किया । कर्नाटक के इतिहास का अध्ययन करने के लिए स्वतंत्र संस्था स्थापित करने के लिए पूना के डेक्कन कॉलेज के छात्रों को अंग्रेजी में व्याख्यान दिये । इससे कर्नाटक गत वैभव के स्मरण छात्रों में जाग उठी । ऐतिहासिक मंडल की स्थापना आदि । | 4 |
| | **अथवा** | |
| | मनु ऋषि ने कहा है ''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः'' अर्थात् जहाँ स्त्रियों की पूजा होती है वहाँ देवताओं का वास होता है । क्योंकि नारी ही माँ, बहन, पत्नी और पुत्री के रूप में मनुष्य की हरेक आवश्यकताओं की पूर्ति करती है । सच्ची नारी वही है जो सारे परिवार के भोजन-वस्त्र, विश्राम और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखे । भारतीय नारी का यही आदर्श है कि परिवार में वह एकता कायम रखे । सबकी शिकायतें ध्यान से सुनकर उन्हें दूर करना का प्रयत्न करे और किसी के मन में भी अन्य पारिवारिक सदस्यों के प्रति मनोमालिन्य न हो । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VIII. | **सात-आठ** वाक्यों में उत्तर : | |
| 45. | माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार व्यक्त करते हैं ? | |
| | **उत्तर :** माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहते हैं कि माँ, मैंने माखन नहीं खाया । प्रातःकाल से ही मैं गायों को चराने के लिए वन (जंगल) गया था और चारों पहर बंसी बजाते हुए गाय चराता रहा । शाम को घर वापस आया हूँ । सभी बालकों में मैं छोटा हूँ । माखन का घड़ा तो ऊपर छींके पर टँगा है । उसे मैं कैसे पा सकता हूँ । शरारत करने की इच्छा से, मेरे मित्रों ने मेरे मुख पर माखन लगा दिया है । माँ तुम तो बहुत भोली हो । इनकी बातों पर विश्वास करती हो, तुम मुझे मारती हो, लेकिन उनसे कुछ नहीं कहती हो । | 4 |
| | **विभाग - "B"** | |
| | **व्याकरण, अलंकार, छन्द ( 20 अंक )** | |
| IX. | सही उत्तर चुनना : | 10 × 1 = 10 |
| 46. | 'बादशाह' शब्द का अन्य लिंग रूप है<br>(A) बेगम (B) बैंगन<br>(C) बादशाही (D) बादशाहत ।<br>**उत्तर :** (A) बेगम | 1 |
| 47. | 'जवान' शब्द का भाववाचक रूप है<br>(A) जवानीपन (B) जवानीयत<br>(C) जवानी (D) जवानापन ।<br>**उत्तर :** (C) जवानी | 1 |
| 48. | 'उन्नति' शब्द का विलोम रूप है<br>(A) अनुन्नति (B) अवनति<br>(C) अनति (D) अवनती ।<br>**उत्तर :** (B) अवनति | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | | | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 49. | 'सहयोग' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है | | | | |
| | (A) | सह | (B) | सही | |
| | (C) | स | (D) | योग । | |
| | **उत्तर :** (A) | सह | | | 1 |
| 50. | 'वन' शब्द का तद्भव रूप है | | | | |
| | (A) | कन | (B) | मन | |
| | (C) | बन | (D) | सन । | |
| | **उत्तर :** (C) | बन | | | 1 |
| 51. | किशन <u>अभी</u> घर गया । रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से है | | | | |
| | (A) | विशेषण | (B) | क्रिया विशेषण | |
| | (C) | क्रिया | (D) | सर्वनाम । | |
| | **उत्तर :** (B) | क्रिया विशेषण | | | 1 |
| 52. | '<u>अ</u>गोचर' शब्द में रेखांकित अक्षर है | | | | |
| | (A) | विसर्ग | (B) | अनुस्वार | |
| | (C) | दीर्घ स्वर | (D) | ह्रस्व स्वर । | |
| | **उत्तर :** (D) | ह्रस्व स्वर | | | 1 |
| 53. | 'लड़की' शब्द का अन्य वचन रूप है | | | | |
| | (A) | लकड़ियाँ | (B) | लड़कियों | |
| | (C) | लड़कियाँ | (D) | लड़कीयाँ । | |
| | **उत्तर :** (C) | लड़कियाँ | | | 1 |
| 54. | किसमें धातु रूप है ? | | | | |
| | (A) | खाना | (B) | खा | |
| | (C) | खिलाना | (D) | खिलवाना । | |
| | **उत्तर :** (B) | खा | | | 1 |
| 55. | कौन शब्द-युग्म का उदाहरण है ? | | | | |
| | (A) | पेड़-पौधे | (B) | सर-सर | |
| | (C) | टण-टण | (D) | जल्दी-जल्दी । | |
| | **उत्तर :** (A) | पेड़-पौधे | | | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| X. | तीसरे पद से संबंधित : | 4 × 1 = 4 |
| 56. | इत्यादि : यण् संधि :: पुरुषोत्तम : ......................................... । | |
| | **उत्तर :** गुण संधि | 1 |
| 57. | पंचवटी : द्विगु समास :: गुण-दोष : .................................... । | |
| | **उत्तर :** द्वन्द्व समास | 1 |
| 58. | दिल्ली : व्यक्तिवाचक संज्ञा :: पर्वत : ................................. । | |
| | **उत्तर :** जातिवाचक संज्ञा | 1 |
| 59. | कर्म कारक चिह्न : को :: अपादान कारक चिह्न : ............................ । | |
| | **उत्तर :** से । | 1 |
| XI. | छन्द पहचानिए : | 3 |
| 60. | पद पखारि जल पान करि, आपु सहित परिवार । | |
| | **उत्तर :**<br>\|\| \|ऽ\| \|\|ऽ\| \|\| ऽ\| \|\|ऽ \|\|ऽ\|<br>पद पखारि जल पान करि, आपु सहित परिवार<br>13 11 | $1\frac{1}{2}$ |
| | दोहा विषम मात्रिक छंद है जिसमें चार चरण होते हैं । पर दो पंक्तियों में लिखा जाता है । पहले और तीसरे चरण में 13-13 मात्राएँ, दूसरे और चौथे चरण में 11-11 मात्राएँ होती हैं । अंत में तुक मिलते हैं । | $1\frac{1}{2}$ |
| XII. | अलंकार पहचानिए : | 3 |
| 61. | चाचा ने चाची को चाँदी की चम्मच से चटनी चटाई । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ⁕ वर्णों के आवृत्ति बार-बार होने के कारण उपरोक्त वाक्य अनुप्रास अलंकार है । | $1\frac{1}{2}$ |
| | ⁕ विवरण : शब्द के प्रथम में 'च' वर्ण की आवृत्ति छः बार, अंत में तीन बार हुई है । | $1\frac{1}{2}$ |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **विभाग – "C"**<br>**रचना ( 13 अंक )**<br>**( वाक्य, पत्र लेखन, निबंध )** | |
| XIII. | अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग : | $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$ |
| 62. | (a) वार करना –<br>अर्थ :<br>प्रयोग :<br>(b) गगन –<br>अर्थ :<br>प्रयोग : | |
| | **उत्तर :** | |
| | a. आक्रमण करना । सही वाक्य रचना के लिए अंक । | $\frac{1}{2} + 1$ |
| | b. आकाश, आसमान, व्योम । सही वाक्य रचना के लिए अंक । | $\frac{1}{2} + 1$ |
| XIV. | पत्र लेखन : | $1 \times 5 = 5$ |
| 63. | पढ़ाई के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए अपने छोटे भाई के नाम पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए अनुरोध करते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए । | |
| | **उत्तर :**<br>छोटे भाई के नाम पत्र :<br>छात्रावास का पता : } 1<br>दिनांक :<br>संबोधन : $\frac{1}{2}$<br>कलेवर ( Body of the letter ) 2<br>सेवा में,<br>पता : 1<br>समापन : } $\frac{1}{2}$<br>हस्ताक्षर :<br>**अथवा** | 5 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | स्थानांतरण प्रमाण पत्र :<br>स्थान : / दिनांक : } $\frac{1}{2}$<br>(से) प्रेषक : $\frac{1}{2}$<br>(को) सेवा में : $\frac{1}{2}$<br>संबोधन : $\frac{1}{2}$<br>विषय : $\frac{1}{2}$<br>कलेवर ( Body of the letter ) $1\frac{1}{2}$<br>अभिभावक हस्ताक्षर $\frac{1}{2}$<br>समापन : / हस्ताक्षर : } $\frac{1}{2}$ | 5 |
| XV. | निबंध लेखन : | 1 × 5 = 5 |
| 64. | किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :<br>i) सदाचार<br>ii) आतंकवाद<br>iii) राष्ट्रीय भावैक्य ।<br>**उत्तर :**<br>(i) प्रस्तावना (भूमिका) 1<br>(ii) विषय प्रवेश 1<br>(iii) विषय विस्तार 1<br>(iv) उपसंहार 1<br>(v) भाषा और शैली । 1 | |